आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 17 अंक : 01 लखनऊ, मंगलवार 07 अप्रैल 2026 से 13 अप्रैल 2026 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## महिला आरक्षण पर प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा दांव, कांग्रेस से बोले–राजनीतिकरण छोड़कर बिल का समर्थन करें

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी से महिला आरक्षण विधेयक में प्रस्तावित संशोधन का पूर्ण समर्थन करने का आह्वान किया है, जिस पर इस महीने के अंत में संसद के विशेष सत्र में चर्चा होनी है। असम के डिब्रूगढ़ में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि विपक्ष को इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने से बचना चाहिए। संसद का विशेष सत्र १६, १७ और १८ अप्रैल को होगा, जिसमें २०२६ के लोकसभा चुनावों से महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण लागू करने पर चर्चा होगी। मोदी ने उम्मीद जताई कि इस फैसले को सर्वसम्मति से मंजूरी मिल जाएगी। उन्होंने महिला आरक्षण के एजेंडे में कई वर्षों की देरी के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियमेंजो संसद और असम विधानसभा दोनों में महिलाओं के लिए ३३ः आरक्षण प्रदान करता हैंभाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के सत्ता में रहते हुए पारित किया गया था। मोदी के अनुसार, इस संशोधन से यह सुनिश्चित होगा कि २०२६ के चुनावों तक लोकसभा सांसदों में कम से कम ३३ प्रतिशत महिलाएं हों। उन्होंने कहा कि मैंने कांग्रेस से भी आग्रह



किया है कि वह इस पर राजनीति न करे, बल्कि संशोधन को पूरा समर्थन दे ताकि महिलाओं के पक्ष में सर्वसम्मति से निर्णय लिया जा सके। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पिछले सप्ताह आरोप लगाया कि १६, १७ और १८ अप्रैल को संसद सत्र आयोजित करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। रमेश ने बताया कि सरकार ने मूल रूप से नई जनगणना के आंकड़ों के आधार पर महिला आरक्षण विधेयक को २०३४ के चुनावों से लागू करने की योजना बनाई थी, जबकि कांग्रेस इसे पहले लागू करने की वकालत कर रही है। उन्होंने विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद २६ अप्रैल को सर्वदलीय बैठक आयोजित करने का भी प्रस्ताव रखा। लोकसभा में वर्तमान में ५४३ सीटें हैं, और प्रस्तावित ५०ः वृद्धि से कुल सीटें ८१६ हो जाएंगी, जिनमें से लगभग एक तिहाई, यानी २७३ सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। सूत्रों ने संकेत दिया है कि मौजूदा महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन करने वाला एक विधेयक संसद में परिसीमन विधेयक के साथ पेश किया जाएगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी सरकार के विधायी एजेंडे के लिए सभी दलों के समर्थन की अपील की है। उन्होंने एएनआई से कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण हमारी प्रतिबद्धता है। हमें महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एकजुट होना चाहिए, न कि राजनीति करनी चाहिए।

## बादशाहनगर मेट्रो स्टेशन पर महिला के बैग से मिले ६३ कारतूस

लखनऊ। बादशाहनगर मेट्रो स्टेशन पर रविवार को चेकिंग के दौरान महिला के बैग से भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची महानगर थाने की पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ एसआई अनुराग कुमार सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक महिला के बैग में कुल ६३ कारतूस मिले हैं। जिसमें .३०३ बोर के ३५ ओर ६एमएम के १८ कारतूस शामिल है। वहीं १० खोखे बरामद हुए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक रविवार दोपहर करीब १२ बजे मेट्रो स्टेशन पर स्कैनिंग के दौरान सुरक्षाकर्मियों को एक बैग में संदिग्ध वस्तु दिखाई दी। जांच करने में सामने आया कि बैग में ३५ अदद .३०३ बोर के जिंदा कारतूस और १८ अदद ६ एमएम के जिंदा कारतूस रखे हुए हैं। इसके अलावा ६ एमएम के ६ खोखा कारतूस और .३०३ बोर का एक खोखा भी मिला। कुल मिलाकर ६३ कारतूस मिले हैं। महिला कानपुर नगर के साढ़ थाना स्थित तिवारीपुर की रहने वाली प्रतिभा पाल है। उससे कारतूस रखने के का लाइसेंस मांगा गया तो कोई दस्तावेज नहीं दिखा सकी।




इसके बाद मेट्रो प्रशासन ने महिला को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में प्रतिभा ने बताया कि उसके पति यशवंत हेड कांस्टेबल थे। वह अपने बेटे से मिलने लखनऊ आई थी। जांच में सामने आया कि महिला का मायका बांदा में है। उसका बेटा अयोध्या हाइवे स्थित निजी इंजीनियरिंग कालेज से बीटेक कर रहा है। चार दिन पहले वह बेटे से मिलने लखनऊ आई थी। बेटे से मिलकर वह कानपुर अपनी ससुराल जा रही थी। महानगर थाने को सूचना दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि मेट्रो सुरक्षा में तैनात टीम के अधिकारी से जांच करने वाली टीम के बारे में जानकारी और इस दौरान बनाये गये वीडियो की डिटेल मांगी गई है। महिला आरोपी से पूछताछ की जा रही है। ताकि यह पता चल सके कि इतनी मात्रा में कारतूस वह किसके कहने पर लेकर लखनऊ पहुंची थी। कहां पहुंचाना था।

## पत्रकारों को मान्यता के साथ मिलेगा कैशलेस इलाजः मुख्यमंत्री

लखनऊ/गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों और उनके आश्रितों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ा जाएगा। इसके लिए उन्हें प्रमाणित मान्यता पत्र और पहचान पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने साफ किया कि सरकार मूल्यों व आदर्शों पर आधारित पत्रकारिता के साथ है। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कई बार पत्रकार अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए दूसरों की आवाज उठाते हैं, लेकिन जब वे स्वयं बीमार पड़ते हैं तो उनकी मदद के लिए कोई सामने नहीं आता। ऐसे में सरकार उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए ठोस व्यवस्था विकसित कर रही है। सीएम योगी ने स्पष्ट किया कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों और उनके आश्रितों को एक व्यवस्थित तंत्र के तहत कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जाएगा, जिससे उन्हें इलाज के दौरान आर्थिक बोझ का सामना न करना पड़े। इसके लिए गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के माध्यम से एक मॉडल भी विकसित किया गया है, जिसे आगे विस्तार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़े मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों को अपेक्षाकृत कम दिक्कत होती है, लेकिन स्वतंत्र या छोटे समूहों से जुड़े पत्रकारों का एक बड़ा वर्ग है, जिन्हें ऐसी सुविधाओं की अधिक आवश्यकता है। सरकार का प्रयास है कि सभी पत्रकारों को एक समान व्यवस्था से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने पत्रकारिता के मूल्यों पर जोर देते हुए कहा कि मीडिया को आत्म–नियंत्रण के साथ काम करना चाहिए और समाज को भ्रमित करने वाली प्रवृत्तियों से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ही खबर के



अलग–अलग रूपों में प्रस्तुत होने से जनमानस में भ्रम की स्थिति बनती है, जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। योगी ने यह भी कहा कि सरकार मूल्य आधारित और जिम्मेदार पत्रकारिता के साथ खड़ी है और पत्रकारों के कल्याण के लिए आगे भी ऐसी योजनाएं लागू करती रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज के दौर में प्रिंट, डिजिटल, टीवी और सोशल मीडिया जैसे विभिन्न माध्यमों के बीच समन्वय बेहद आवश्यक है। एक ही खबर को अलग–अलग तरीके से प्रस्तुत करने से जनमानस में भ्रम पैदा होता है और मीडिया की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। उन्होंने जोर दिया कि पत्रकारिता के सभी स्वरूप समान मानकों, मूल्यों और आचार संहिता के अनुरूप काम करें। सोशल मीडिया को भी जिम्मेदार पत्रकारिता की मुख्यधारा से जोड़ने की जरूरत है, ताकि सूचना का प्रवाह सटीक और संतुलित रहे। सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र में संवाद और आलोचना स्वाभाविक है, लेकिन इसे व्यक्तिगत रंजिश नहीं बनाना चाहिए। पत्रकारिता का दायित्व है कि वह सही तथ्यों को सामने रखकर जन–विश्वास को मजबूत करे। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के २०० वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी मूल भावना राष्ट्र सेवा और जनजागरण रही है। साथ ही चेताया कि समाज को गुमराह करने वाली प्रवृत्तियों से बचना होगा, क्योंकि ऐसी गतिविधियां जनविश्वास को कमजोर करती हैं।

## डॉ. आशीष कुमार गोयल समेत दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बार फिर वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। ताजा आदेश के तहत प्रदेश के दो वरिष्ठ अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार, डॉ. आशीष कुमार गोयल को अहम अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे वर्तमान में उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष पद पर तैनात हैं। अब उन्हें उनके मौजूदा दायित्वों के साथ अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश शासन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। डॉ. गोयल पहले से ही उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, यूपीएसएल डीसी लिमिटेड, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के अध्यक्ष के साथ–साथ नई दिल्ली में अपर स्थानिक आयुक्त की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। वहीं, डॉ. एमकेएस सुंदरम को भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वर्तमान में वे प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग के पद पर कार्यरत हैं। अब उन्हें प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।


# सम्पादकीय

## पश्चिम बंगाल चुनावः निर्वाचन आयोग की साख और बढ़ता अविश्वास

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले माहौल अशांत और अराजक किस्म का है। लोगों के मन पर संदेह और आशंकाओं का साया है। इसकी ही मिसाल मालदा जिले में कलियाचक में देखने को मिली। वहां विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद तैयार मतदाता सूची पर आई आपत्तियों को निपटाने के काम में लगे न्यायिक अधिकारियों को प्रखंड कार्यालय में दस घंटों तक भीड़ ने बंधक बनाकर रखा। अहम मुद्दा यह नहीं है कि इसके पीछे किसका हाथ था। काबिल–ए–गौर यह है कि वहां महिलाओं और बच्चों समेत ऐसी भीड़ जुटी, जिसके आक्रोश से न्यायिक अधिकारियों को बचाने में घंटों लग गए। सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही इस पर नाराजगी जताई। मगर, इसके लिए सिर्फ स्थानीय अधिकारियों को जवाबदेह मानना सही नहीं होगा। असल उत्तरदायित्व निर्वाचन आयोग का है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से आयोग ने राज्य में अफसरों के रिक र्ड– ४८० से अधिक– तबादले किए हैं। इसलिए ऊपर से नीचे तक जो भी अधिकारी तैनात हैं, कर्तव्य निर्वहन में उनकी खामी का सर्वोच्च दायित्व आयोग पर जाता है। बहरहाल, उससे भी बड़ा मसला एसआईआर को जिस तरह किया गया, वो है। इस पर दस लाख आपत्तियां आईं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट के दबाव में जल्दबाजी में निपटाया गया। नतीजतन, ये धारणा बनी कि आयोग ने अपना काम ठीक से नहीं किया है। इसी कारण विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम तरह की 'साजिशाना कहानियों' को बल मिला है। सवाल यह नहीं है कि निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष है या नहीं। प्रश्न है कि इसको लेकर लोगों के मन में संशय क्यों है? शक के ऐसे ही माहौल के कारण राजनीतिक गुटों के लिए लोगों को भड़काना आसान हो गया है। राज्य में माहौल कैसा है, इसकी कुछ झलक सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियों से भी मिली है। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्यायालय का हस्तक्षेप भी उन कारणों को दूर नहीं कर पाया, जिनकी वजह से चुनाव प्रक्रिया को लेकर अविश्वास का माहौल बना है। अतः निर्वाचन आयोग की जवाबदेही तय किए जाने की जरूरत है, जिसके तौर–तरीकों से भारत के चुनावों की साख पर सवाल गहराते जा रहे हैं।

## डेयरी केंद्र का किया उद्घाटन, कहा- विकास को सिर्फ सैफई तक सीमित रखती है सपा

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सपा विकास को सिर्फ सैफई तक सीमित रखती है। उन्होंने कहा कि आजमगढ़, मऊ, बलिया और जौनपुर कभी भी सपा के एजेंडे का हिस्सा नहीं रहे। मुख्यमंत्री आजमगढ़ जिले के कंधरापुर थाना क्षेत्र के मिरिया रेहड़ा स्थित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था– दुग्ध अवशीतन केंद्र का उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा के लिए परिवार पहले है और उसे समाज या देश से कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने कांग्रेस और सपा पर तंज कसते हुए कहा, श्समाजवादी पार्टी सिर्फ सैफई (सपा अध्यक्ष का पैतृक गांव)का विकास करेगी, लेकिन वे आजमगढ़ को नहीं देखेंगे, उस आजमगढ़ को जिसने उन्हें हमेशा चुनाव जिताया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनके लिए विकास सिर्फ उन्हीं तक सीमित है।'' योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''आजमगढ़, मऊ, बलिया और जौनपुर कभी भी उनके एजेंडे का हिस्सा नहीं थे। अगर होते, तो वे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का निर्माण करवा लेते। वे महाराजा सुहेलदेव के नाम पर विश्वविद्यालय भी बनवा सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। विकास उनके एजेंडे का हिस्सा नहीं था। लेकिन भाजपा का एजेंडा ''राष्ट्र प्रथम' है। उन्होंने



कहा कि भारतीय जनसंघ और भाजपा के संस्थापकों ने जो भी सोचा था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसे पूरा किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास हो रहा है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि आजमगढ़ की पहचान को मान्यता मिल रही है। उन्होंने कहा, श्पहले आजमगढ़ के नाम पर लोगों को होटलों और धर्मशालाओं में कमरे नहीं मिलते थे। और आज जब आप आजमगढ़ के नाम से जाते हैं, तो कोई आपको रोकेगा नहीं, कोई दखल नहीं देगा, बल्कि आपका स्वागत करेगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार सम्मान दिलाने के लिए भी काम करती है। जब विकास बिना किसी भेदभाव के होता है, तो हमें उसका लाभ उसी रूप में देखने को मिलता है।'' योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों ने महाराजा सुहेलदेव को ''भुला दिया'' था, लेकिन हमारी सरकार ने उस महान सपूत के नाम पर एक विश्वविद्यालय बनाया है, जिन्होंने हजार साल पहले विदेशी आक्रमणकारियों के सामने भारत का साहस दिखाया था। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की आत्मनिर्भता की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा, ''जब एक महिला आत्मनिर्भर हो जाती है, तो पूरा परिवार आत्मनिर्भर हो जाता है। जब परिवार आत्मनिर्भर हो जाता है, तो समाज की एक महत्वपूर्ण कड़ी आत्मनिर्भर हो जाती है। जब ये कड़ियां आपस में जुड़ती हैं, तो राष्ट्र निर्माण की इकाई मजबूत होती है और 'विकसित भारत' का विचार साकार होता है। 'विकसित भारत' के लिए महिलाओं का आत्मनिर्भर होना आवश्यक है।'' इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान एवं श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी ने दिग्विजयनाथ कॉलेज में कंप्यूटर रिसर्च सेंटर का किया शुभारंभ

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर स्थित दिग्विजयनाथ पीजी क लेज में आधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। यह लैब क लेज के पूर्व शिक्षक ड . तेज प्रताप शाही की स्मृति में उनके परिवार द्वारा स्थापित की गई है। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कंप्यूटर लैब इमर्जिंग टेक्नोल जी, शोध और नवाचार को बढ़ावा देने में विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने ड . शाही को याद करते हुए कहा कि यह पहल उनकी स्मृतियों को जीवंत रखने का सराहनीय प्रयास है। मुख्यमंत्री ने ड . तेज प्रताप शाही के पुत्रों अनन्य शाही और अतिरेक शाही को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ड . शाही के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए उनकी गोरक्षपीठ के प्रति निष्ठा और समर्पण को याद किया। इस अवसर पर महापौर ड . मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी ड . धर्मेंद्र सिंह, विधायक ऋषि त्रिपाठी समेत कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि पत्रकारिता के अलग.अलग आयामों प्रिंट मीडिया, विजुअल मीडिया, डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के बीच परस्पर समन्वय होना आवश्यक है। गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उन्होने कहा कि यदि किसी एक ही तथ्य को मीडिया के अलग. अलग आयाम भिन्न.भिन्न तरीके और ष्टिकोण से प्रस्तुत करेंगे तो आमजनमानस के सामने भ्रम की स्थिति होगी। ऐसी स्थिति मीडिया के प्रति जनविश्वास को भी प्रभावित करेगी। इसलिए यह आवश्यक है कि मीडिया के सभी अंग समान मानक, मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप आगे बढ़ें। उन्होने कहा कि आज पत्रकारिता में विभिन्न प्रकार की चुनौतियां हैं। पत्रकारिता में प्रिंट मीडिया, विजुअल मीडिया, डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के स्वरूप हैं। आज परिवारों में प्रत्येक सदस्य का रूझान मीडिया के अलग अलग रूपों में रहता है। आज पत्रकारिता के सभी रूपों को समग्रता के साथ जोड़ने की आवश्यकता है। प्रिंट मीडिया, विजुअल मीडिया के अपने कुछ मानक हैं, अपनी आचार संहिता है पर सोशल मीडिया को अभी इससे जोड़ना है। योगी ने कहा कि पत्रकारिता को स्वयं को बेलगाम नहीं होने देना है बल्कि पत्रकारिता के मूल्यों व आदर्शों के साथ आगे बढ़ाना है। भारत में २०० वर्ष के पत्रकारिता का मूलभाव राष्ट्र सेवा, समाज सेवा व एक भारत श्रेष्ठ भारत का भाव रहा है। हमें इसी भाव के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज मीडिया में एक ऐसा भी वर्ग है जो समाज को गुमराह करके अशांति फैलाने का कार्य करता है। हमें मीडिया के ऐसे रूप से बचने आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि सोशल मीडिया तथा प्रिंट मीडिया में एक ही खबर में भिन्नता होती है तो वह जनमानस को विचलित करती है। यह दुविधा की स्थिति खतरनाक होती है। हमें ऐसी स्थिति नहीं हो ऐसा प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार मूल्यों व आर्दशों पर आधारित पत्रकारिता के साथ सदैव खड़ी है। उन्होने कहा कि लोकतंत्र संवाद से चलता है। संवाद में आलोचना हो सकती है मगर इस आलोचना को व्यक्तिगत रंजिश नहीं मनाना चाहिए। जब हम एक सूत्र की मनोस्थिति से कार्य करते हैं तो सदैव सार्थक परिणाम सामने आते हैं। पत्रकारिता समाज का आईना होता है। पत्रकारिता जिस ष्टि से समाज के मुद्दो को प्रस्तुत करता हैए समाज उसी ष्टि से उसे समझता है। पत्रकारिता को जन विश्वास प्रतीक के रूप में बने रहने के लिए सही और गलत के प्रति एक भाव में रहना चाहिए। पत्रकारिता में किसी भी मुद्दे पर दो भाव नहीं होने चाहिए क्योंकि यह भाव जन विश्वास पर कुठाराघात करता है।


## कंम्प्यूटर विज्ञान में आठ नए पाठ्यक्रम शुरू, कुल ४६० सीटों पर होंगे प्रवेश

लखनऊ। उद्योग, प्रशासन, अनुसंधान और डिजिटल समाज की उभरती आवश्यकताओं के अनुरूप लखनऊ विश्वविद्यालय ने कुल आठ नए पाठ्यक्रम शुरु करने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग इन शैक्षणिक कार्यक्रमों सत्र २०२६–२७ से आरंभ कर रहा है। इन कार्यक्रमों को शैक्षणिक और व्यावसायिक ष्टिकोण के साथ शुरू किया गया है जिसमें छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर लचीलापन, डेटा–संचालित निर्णय लेने, कनेक टेड डिवाइस और उन्नत कंप्यूटिंग अनुप्रयोगों के युग के लिए तैयार किया जाएगा। बीसीए (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग) कार्यक्रम कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बैंकिंग, शासन, विनिर्माण, ई–कॉमर्स और सार्वजनिक सेवाओं पर होगा। बीसीए (साइबर सुरक्षा और साइबर फोरेंसिक्स) साइबर अपराध, डेटा उल्लंघन, रैंसमवेयर हमले, पहचान की चोरी, डिजिटल धोखाधड़ी और ऑनलाइन निगरानी के बढ़ते खतरों के चलते सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में प्रशिक्षित साइबर सुरक्षा पेशेवरों पर है। इसी प्रकार बीसीए (डेटा साइंस और डेटा एनालिटिक्स), बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) स्मार्ट होम, स्मार्ट कृषि, स्मार्ट स्वास्थ्य सेवा, औद्योगिक स्वचालन, पर्यावरण निगरानी, पहनने योग्य उपकरण और बुद्धिमान शहरी अवसरंचना के प्रसार के साथ इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर आधारित है। कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग) बीसीए (एआई और एमएल) ७५ सीट –कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (साइबर सुरक्षा और साइबर फोरेंसिक्स) बीसीए (सीएस और सीएफ) –७५ सीट –कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (डेटा साइंस और डेटा एनालिटिक्स) बीसीए (डीएस और डीए) –७५ सीट –कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) बीसीए (आईओटी)– ७५ सीट –मास्टर ऑफ साइंस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग) एमएससी (एआई और मशीन लर्निंग)– ४० सीट –मास्टर ऑफ साइंस (डेटा साइंस और डेटा एनालिटिक्स) एमएससी (डीएस)– ४० सीट –मास्टर ऑफ साइंस (साइबर सुरक्षा और साइबर फोरेंसिक्स) एमएससी (सीएस और सीएफ)– ४० सीट –साइबर सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पीजीडीसीएस –४० सीट।

# स्मार्ट मीटर कंपनी पर गुंडागर्दी के आरोपः बिलिंग कर्मचारी की बेरहमी से पिटाई, कार्रवाई की मांग तेज

## 'इंटेली स्मार्ट मीटर कंपनी' के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के राजाजीपुरम क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने वाली इंटेली स्मार्ट मीटर



कंपनी के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि कंपनी के कर्मचारियों ने बिजली विभाग के बिलिंग स्टाफ के एक कर्मचारी के साथ जमकर मारपीट की। जानकारी के अनुसार, मध्य जोन में ठेके पर मीटर लगाने और बदलने का कार्य कर रही कंपनी की टीम, जिसमें डिवीजन इंचार्ज सिद्धार्थ शर्मा और शाहनवाज कुरेशी शामिल बताए जा रहे हैं, ने राजाजीपुरम पावर हाउस में तैनात एक काउंटर क्लर्क को निशाना बनाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, करीब २० लोगों ने मिलकर एक अकेले कर्मचारी को लाठी–डंडों से बेरहमी से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इस तरह के लोग अपनी दबंगई के बल पर न केवल विभागीय कर्मचारियों बल्कि आम उपभोक्ताओं को भी प्रताड़ित कर रहे हैं। घटना के बाद बिजली विभाग से जुड़े कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि उपभोक्ताओं के हित और विभाग की छवि को बनाए रखने के लिए ऐसी कंपनियों के खिलाफ सख्त कदम उठाना बेहद जरूरी है। फिलहाल, मामले में आधिकारिक कार्रवाई और जांच की प्रतीक्षा की जा रही है।

# चन्दौली का वांछित अपराधी संतोष पासवान दिल्ली से एसटीएफ ने गिरफ्तार, ५० हजार रुपये का इनाम मिला हाथ

लखनऊ/चन्दौली। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), उत्तर प्रदेश ने चन्दौली के वांछित अपराधी संतोष पासवान को दिल्ली से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस अभियुक्त पर ५०,००० रुपये का इनाम घोषित था। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि संतोष पासवान, जो मु०अ०सं० १२८/२०२३ धारा ३/५ए/५बी ८ गौवध निवारण अधिनियम व ११ पशु क्रूरता अधिनियम और ४२६ भादवि के तहत वांछित था, दिल्ली के शालीमार बाग क्षेत्र में छिपकर रह रहा है। इसके बाद नोएडा फील्ड यूनिट की टीम ने उप निरीक्षक अक्षय पी. के. त्यागी के नेतृत्व में अभिसूचना संकलन और कार्रवाई शुरू की। दिनांक ४ अप्रैल २०२६ को प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर टीम ने अभियुक्त को थाना शालीमार बाग, दिल्ली से शाम १०:०७ बजे गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी ने पूछताछ में बताया कि वह दिल्ली में ई–रिक्शा चलाता था और विशाल मंडल नामक व्यक्ति के संपर्क में आकर अवैध पशु तस्करी में शामिल हुआ। उसने टाटा पिकअप (**HR-38AD-0905**) के माध्यम से पशुओं की तस्करी बिहार और पश्चिम बंगाल तक की। संतोष पासवान के साथी पहले ही पकड़े जा चुके थे, लेकिन वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदलता रहा। एसटीएफ की सतर्कता और मुखबिर सूचना के कारण उसे पकड़ने में सफलता मिली। गिरफ्तारी के बाद संतोष पासवान को चन्दौली पुलिस के सुपुर्द कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एसटीएफ ने इस गिरफ्तारी को वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और कानून की सुरक्षा में बड़ी उपलब्धि बताया है।

# बीकेटी में 'स्कूल चलो अभियान' की धमाकेदार शुरुआतः २६९ विद्यालयों में प्रवेश उत्सव, निशुल्क पुस्तकों का वितरण

लखनऊ/बीकेटी। विकासखंड बक्शी का तालाब में नए शैक्षिक सत्र २०२६–२७ के पहले दिन 'स्कूल चलो अभियान' की जोरदार शुरुआत हुई। इस अवसर पर क्षेत्र के विद्यालयों में




प्रभात फेरियां निकालकर अभिभावकों और बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति शुक्ला ने बताया कि विकासखंड के सभी २६६ विद्यालयों में एक साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया। विद्यालयों को रंगोली और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। पहले ही दिन सभी बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। पीएम श्री विद्यालय इटौंजा में नगर पंचायत अध्यक्ष अवधेश कुमार अवस्थी ने बच्चों को पुस्तकें वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया। प्रीति शुक्ला ने बताया कि १५ अप्रैल तक विकासखंड की १७ न्याय पंचायतों में व्यापक स्तर पर 'स्कूल चलो अभियान' चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य शत– प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है। इस अभियान में राकेश कुमार बाजपेई, एआरपी क्षमा तिवारी, कुमकुम तिवारी, अनुपम कुमार गुप्ता और वंदना श्रीवास्तव सहित शिक्षा विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे। अभियान के जरिए शिक्षा विभाग यह सुनिश्चित करने में जुटा है कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी को विद्यालय से जोड़ा जा सके।

# लखनऊ में 'स्कूल चलो अभियान' की जोरदार शुरुआतः प्रभात फेरी, प्रवेश उत्सव और निशुल्क पुस्तकों के वितरण से बढ़ा नामांकन का उत्साह

लखनऊ। राजधानी के नगर क्षेत्र जोन–१ स्थित अलीनगर सुनहरा विद्यालय में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत जागरूकता रैली और प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस दौरान बच्चों ने




प्रभात फेरी निकालकर लोगों को अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने और नए नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिसर को रंगोली और फूलों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय नजर आया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश पाण्डेय एवं शिक्षा मित्र सुनीता यादव ने नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया, जिससे बच्चों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रथम कार्य दिवस पर ही बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें बिस्कुट एवं अन्य सामग्री भी प्रदान की गई। इस अवसर पर अभिभावक और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने अभियान की सराहना की। खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. पूनम मिश्रा ने बताया कि १५ अप्रैल तक नगर क्षेत्र जोन–१ के सभी विद्यालयों में 'स्कूल चलो अभियान' चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है। इस पहल के माध्यम से शिक्षा विभाग का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी बच्चों को विद्यालय से जोड़कर उनके भविष्य को बेहतर बनाया जा सके।

# ड्यूटी के दौरान घायल लाइनमैन को सिस्टम ने छोड़ा बेसहारा, इलाज का खर्च उठाने से विभाग ने खड़े किए हाथ

लखनऊ। विभागीय कार्य के दौरान गंभीर हादसे का शिकार हुए लाइनमैन विजय इस समय जिंदगी और दर्द के बीच जूझ रहे हैं। ड्यूटी निभाते हुए हुए इस हादसे ने न सिर्फ उनके स्वास्थ्य को बुरी तरह




प्रभावित किया है, बल्कि अब इलाज का बढ़ता खर्च उनके परिवार के लिए भारी संकट बन गया है। घायल विजय को लखनऊ के रायबरेली रोड स्थित साउथ सिटी ह स्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका लगातार इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उनके पैर की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और लंबे इलाज की जरूरत है। परिवार का आरोप है कि इलाज में दवाइयों और इंजेक्शनों पर भारी खर्च आ रहा है, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों ने आगे आर्थिक सहायता देने से साफ इनकार कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि अब इलाज का खर्च स्वयं वहन करें, जिससे परिवार पूरी तरह से असहाय महसूस कर रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब एक कर्मचारी ड्यूटी के दौरान घायल होता है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या ऐसे हालात में विभाग का पल्ला झाड़ लेना उचित है? स्थानीय लोगों और परिजनों ने शासन–प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए घायल लाइनमैन को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि उनका समुचित इलाज हो सके और वे जल्द स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट सकें।

# लखनऊ में संवाददाता समिति का भव्य शपथ ग्रहण समारोह, निष्पक्ष पत्रकारिता और संगठन मजबूती का संकल्प

लखनऊ। पत्रकारिता के उच्च आदर्शों को समर्पित वातावरण में उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति (पुनर्गठित) के निर्वाचित पदाधिकारियों का प्रथम शपथ ग्रहण समारोह राजभवन



(जनभवन) के समक्ष स्थित विश्वेश्वरैया हाल में अत्यंत भव्य एवं गरिमामयी ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम महान पत्रकार पुरोधाओं गणेश शंकर विद्यार्थी एवं बाबूराव विष्णु पराड़कर के आदर्शों को समर्पित रहा। समारोह में पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिससे पूरे वातावरण में शालीनता और गरिमा का संचार हुआ। सूचना विभाग की अयोध्या से आई सांस्कृतिक टीम ने लोक रंगों से भरपूर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। लोक गायिका प्रेंति यादव के नेतृत्व में कलाकारों ने लोकगीतों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे समारोह में जीवंतता और सांस्कृतिक समरसता का सुंदर संदेश प्रसारित हुआ। समिति के संयोजक प्रभात त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारों के सम्मान और स्वाभिमान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुनर्गठित समिति के गठन के पीछे की भावनाओं को साझा करते हुए बताया कि राज्य मुख्यालय और लखनऊ जनपद के पत्रकारों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से इस समिति का गठन किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नई टीम पूरे समर्पण के साथ पत्रकार हितों के लिए कार्य करेगी और किसी भी पत्रकार को आर्थिक नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद और सूचना निदेशक विशाल सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बैजनाथ रावत, विशिष्ट अतिथि शीशराम सिंह रवि तथा मुख्य वक्ता एमएलसी पवन सिंह चौहान ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने निष्पक्षता, विश्वसनीयता और जनहित को पत्रकारिता का मूल आधार बताते हुए पदाधिकारियों से अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। समिति के अध्यक्ष के रूप में शेखर पंडित, महासचिव ज्ञानेश पाठक, कोषाध्यक्ष विक्रम राव तथा उपाध्यक्षों में अमन अग्रवाल, जितेन्द्र कुमार सिंह यादव औरकृं ष्ण कुमार सिंह (के.के.) ने शपथ ली। संयुक्त सचिव के रूप में राजू यादव, अर्चना गुप्ता, दीपक अवस्थी और लखन लाल मिश्रा शामिल रहे। कार्यकारिणी सदस्यों ने भी संगठन के प्रति निष्ठा और जिम्मेदारी का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता मनीष गुप्ता, संपादक ममता त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार अजय श्रीवास्तव और सतीश प्रधान ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की एकजुटता, निष्पक्षता और जिम्मेदार पत्रकारिता पर बल दिया। संयोजक प्रभात त्रिपाठी ने बताया कि समिति के पदाधि ाकारियों की शीघ्र ही राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात प्रस्तावित है, जिसके बाद मुख्यमंत्री से भेंट कर पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों को रखा जाएगा। कार्यक्रम का सफल संचालन विक्रम राव द्वारा किया गया। अंत में संगठन को सशक्त बनाने और पत्रकारिता के मूल्यों को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ समारोह का समापन हुआ, जिसने उपस्थित पत्रकारों में नई ऊर्जा और जनसेवा की भावना का संचार किया।

# हसनपुर खेवली में 'स्कूल चलो अभियान' की भव्य शुरुआत, नामांकन बढ़ाने का संकल्प

## निपुण विद्यालयों व छात्रों का सम्मान

लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग, जनपद लखनऊ द्वारा आज सरोजनीनगर ब्ल क के पूर्व माध्यमिक विद्यालय, हसनपुर खेवली में जनपद स्तरीय 'स्कूल चलो अभियान' रैली का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहनलालगंज के विधायक माननीय अमरेश कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम




का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित छात्र–छात्राओं को माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया, जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह का संचार हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में डायट लखनऊ के प्राचार्य राम प्रवेश, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) राजेश कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी मोहनलालगंज सुशील कुमार, गोसाईंगंज के खंड शिक्षा अधिकारी रामराज तथा सरोजनीनगर के खंड शिक्षा अधिकारी रुद्र प्रताप यादव सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान पांच निपुण विद्यालयों और पांच निपुण छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा १ और कक्षा ६ के पांच–पांच छात्रों को नई पुस्तकें वितरित कर पुस्तक वितरण अभियान की भी शुरुआत की गई। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अमरेश कुमार ने अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए अभिभावकों से अपील की कि कोई भी बच्चा प्राथमिक शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा समाज की नींव होती है और प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना अनिवार्य है। कार्यक्रम की रूपरेखा खंड शिक्षा अधिकारी सरोजनीनगर रुद्र प्रताप यादव द्वारा प्रस्तुत की गई और सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार ने अभियान के प्रथम चरण में अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एसआरजी क्षमा सिंह, डीसी प्रशिक्षण अवधेश शुक्ला, डीसी



समेकित संदीप तिवारी, एआरपी प्रतिमा मिश्रा, शन्नो राय, सर्वेश कुमार गौतम, ज्ञान प्रताप सिंह, पूर्व एआरपी उदय प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र और अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर नामांकन रथ को रवाना किया गया, जिसके साथ ही 'स्कूल चलो अभियान' को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

# Rahul Gandhi का PM Modi पर तंज– वो सोचते हैं उनके अलावा कोई देश नहीं चला सकता

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को पलक्कड़ में एक रैली के दौरान केरल विधानसभा चुनाव से पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजनीतिक गठबंध ान का आरोप लगाया। समर्थकों को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि दिल्ली में एक ऐसा व्यक्ति है जो सोचता है कि भारत का नेतृत्व उसके सिवा कोई नहीं कर सकता, उसका नाम मोदी है, और केरल में एक ऐसा व्यक्ति है जो सोचता है कि केरल का नेतृत्व उसके सिवा कोई नहीं कर सकता। इन लोगों का अहंकार देखिए कि वे सोचते हैं कि केरल और देश का नेतृत्व केवल वही कर सकते हैं। दोनों साझेदार हैं। वे एक–दूसरे का समर्थन कर रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी यहां आते हैं और हर भाषण में भगवान, हिंदू धर्म और धर्म की बात करते हैं। लेकिन केरल में वे सबरीमाला और वहां से चोरी हुए सोने की बात नहीं करते। गांधी ने आगे दावा किया कि वे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), आयकर विभाग और भाजपा के मीडिया सेल के मुख्य निशाने पर हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं भाजपा के खिलाफ लड़ता हूं। मैंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक ४,००० किलोमीटर पैदल यात्रा की। प्रवर्तन निदेशालय



ने मुझसे ५५ घंटे तक पूछताछ की। मैं जमानत पर बाहर हूं। मेरी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। मैं प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और भाजपा के मीडिया सेल का मुख्य निशाना हूं। उन्होंने सवाल उठाया कि पिनारयी विजयन और उनके परिवार की जांच क्यों नहीं की गई। गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा केरल के मुख्यमंत्री पर हमला क्यों नहीं करती? उनसे और उनके परिवार से पूछताछ क्यों नहीं की जाती? सभी जानते हैं कि केरल के मुख्यमंत्री भ्रष्ट हैं। प्रधानमंत्री मोदी यहां आते हैं और सबरीमाला मंदिर या सोने की चोरी के बारे में बात नहीं करते क्योंकि वे मुख्यमंत्री को बचाना चाहते हैं। कांग्रेस नेता ने केरल में चलाए गए एक विज्ञापन अभियान का भी जिक्र किया, जिसमें मुख्यमंत्री की तस्वीर के साथ 'और कौन' टैगलाइन छपी थी। उन्होंने कहा कि इससे यह संकेत मिलता है कि राज्य का प्रभावी नेतृत्व कोई और नहीं कर सकता। भाजपा के साथ अपने संघर्षों के दौरान केरल की प्रतिक्रिया के बारे में गांधी ने कहा कि जब भाजपा मुझ पर प्रतिदिन हमले कर रही थी, तब केरल मेरे साथ खड़ा रहा। यूडीएफ और एलडीएफ दोनों के लोगों ने मेरी देखभाल की। "जब मुझे सुरक्षा की जरूरत थी, तब पूरे केरल ने मेरी रक्षा की। उन्होंने एलडीएफ पर केरल में एक नया अभियान शुरू करने का आरोप लगाया, जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री को भाजपा के साथ जोड़ा जा रहा था। उन्होंने कहा कि आज केरल में एलडीएफ द्वारा एक नया अभियान शुरू किया गया है। भाजपा के प्रति आपके मुख्यमंत्री का रवैया वही है जो आप कहते हैं कि मैं करूंगा। डोनाल्ड ट्रंप नरेंद्र मोदी को नियंत्रित करते हैं, और नरेंद्र मोदी आपके मुख्यमंत्री को नियंत्रित करते हैं।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय बजरंग दल ने निकाली भव्य पद शोभायात्रा

गोला गोकर्णनाथ खीरी ग्राम सभा कुंवरपुर माफी से राष्ट्रीय बजरंग दल के ब्लॉक उपाध्यक्ष कपिल सूर्यवंशी व विधानसभा



उपाध्यक्ष चंचल कश्यप के नेतृत्व में श्री हनुमान उत्सव पर विशाल पद शोभा यात्रा निकली गई। शोभा यात्रा जिला अध्यक्ष कनौजिया के निर्देशानुसार व अध्यक्षता में निकली गई। विशाल पद शोभा यात्रा थाना मैलानी के कई क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए ग्राम अहमदपुर के पौराणिक शिव मंदिर श्री क्लेशहरण मन्दिर में पहुंची। पद यात्रा में प्रांतीय उपाध्यक्ष देव जुनेजा व विभाग मंत्री माननीय रमाकांत अवस्थी जी शामिल हुए। पदयात्रा में बड़े पदाधिकारी के शामिल होने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा और पूरे जोश के साथ जय श्री राम जय बजरंगबली के नारे लगाते हुए भगवा झंडा के साथ जोश भरते नजर आये। जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने पद यात्रा के दौरान अपने संबोधन में बताया कि राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में बड़े ही जोश के साथ संगठन के प्रति जागरूकता देखकर लग रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय प्रवीण भाई तोगड़िया जी के निर्देशानुसार हर जिले में ५०१ हनुमान चालीसा केंद्र चलाए जाने का हैं जिनके उदेशानुसार गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी के क्षेत्रों में चल रहे १०१ हनुमान चालीसा केंद्र से जल्द ही ५०१ हनुमान चालीसा केंद्र चलाने का लक्ष्य पूरा होते हुए नजर आ रहे हैं। पदयात्रा में जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के साथ जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल,जिला मीडिया प्रभारी पंकज शुक्ला, जिला संयुक्त मंत्री कुशविंदर सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष कपिल, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष AHP अशोक जायसवाल, मंडल अध्यक्ष गोल्ड मिश्रा, विधानसभा उपाध्यक्ष सोनू बजरंगी, ब्लॉक अध्यक्ष कुंभी विक्रम सिंह चौहान, ब्लॉक मीडिया प्रभारी संजय सिंह चौहान, विपिन भास्कर, प्रदीप अर्कवंशी, दीपक कुमार, अजीत सिंह, शिवम आर्या, पिंटू राठौर, रमाशंकर शास्त्री, ग्राम प्रधान पति मुकेश गुप्ता शाहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहें।

# पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा माल्यार्पण

लखीमपुर खीरी। तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव कुमार मिश्रा एडवोकेट एवं मंत्री विवेक कुमार तिवारी एडवोकेट का भव्य स्वागत



आश्रम बाबा बंशी वाले में जनजागृति समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। स्वागत करने वालों में जनजागृति समिति के अध्यक्ष संजीव मिश्रा, कोषाध्यक्ष पं राजेश दीक्षित, मंत्री सौरभ पांडेय, अवधेश कुमार मिश्रा, राम कृष्ण पाठक ऐडवोकेट, आचार्य राघवराम तिवारी, सुरेश चंद्र शुक्ला, राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष पं शिव प्रसाद द्विवेदी, जयराम यादव, राधेश्याम शर्मा, राजेश रस्तोगी, धीरज तिवारी, पं पप्पू तिवारी, कार्तिकेय बर्मा, विकास गुप्ता, भूतपूर्व प्रभारी फल संरक्षण राम जी वर्मा, कन्हैया दास, राजीव कुमार तिवारी एडवोकेट, आशीष बाजपेई, चंद्र प्रकाश बाजपेई, एडवोकेट, अमित कुमार निषाद, कमल कुमार शुक्ला, अतुल तिवारी, राज कमल अवस्थी आदि ने किया। स्वागत समारोह के समापन अवसर पर जनजागृति समिति के कोषाध्यक्ष पं राजेश दीक्षित ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा प्रसाद वितरण व बजरंग बली के जयकारों व शांति पाठ के साथ समापन किया गया।

# सिविल कोर्ट परिसर में वकील चाचा ने भतीजे को मारी गोली, प्रशासन में हड़कंप

(हरिशंकर मिश्र/सुनील शर्मा)

लखीमपुर खीरी।लखीमपुर सिविल कोर्ट परिसर में उस समय अफरा–तफरी मच गई जब एक अधिवक्ता ने अपने ही सगे भतीजे को गोली मार दी। जानकारी के अनुसार अधिवक्ता जे के राज ने पारिवारिक विवाद के चलते इस



सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। घटना में अधिवक्ता भतीजे की पीठ पर गोली लगी, जिसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। कोर्ट परिसर में अचानक हुई फायरिंग से वकीलों और आम लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही एएसपी पूर्वी पवन गौतम व सीओ सिटी विवेक तिवारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने भी घटनास्थल का मुआयना कर जांच के निर्देश दिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए दुर्गा शक्ति नागपाल जिलाधिकारी भी मौके पर पहुंचीं और अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।इस दौरान सीएमएस डॉ.आरके कोली ने बताया कि घायल को सीने के निचले हिस्से में गोली लगी है और हालत को देखते हुए उसे उच्च चिकित्सा के लिए लखनऊ भेजा गया है। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। वहीं पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि घटना के प्रत्येक पहलू की गहन जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**घटना ने उठाए तमाम सवाल?**

लखीमपुर –सिविल कोर्ट परिसर में फायरिंग मामले में घायल अधिवक्ता जितेंद्र राज पुत्र राम अवतार राज को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि घटना से पहले दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जंजीर, हेलमेट और ईंट से हमला किया गया जिसमें एक वकील का सिर भी फूट गया, इसके बाद गोली चलाई गई। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर कचहरी परिसर तक असलहे कैसे पहुंच रहे हैं, अवैध हथियार से फायरिंग की बात सामने आ रही है जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**जिला अस्पताल केवल रेफरल अस्पताल बनकर रह गया**

वहीं जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं भी कटघरे में हैं, मेडिकल कॉलेज के अधीन जिला अस्पताल अब रेफरल सेंटर बनता जा रहा है, गंभीर मरीजों को तत्काल लखनऊ भेजा जा रहा है अस्पताल में आईसीयू जैसी बुनियादी सुविधा तक नहीं है और सीटी स्कैन की व्यवस्था भी नहीं है, आज घायल अधिवक्ता को भी गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था की हकीकत उजागर हो रही है।

# बच्चों की लापरवाही से लगी आग, किसान की ४ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

सिंगाही–खीरी। थाना क्षेत्र सिंगाही के रमुवापुर गांव में सोमवार को एक बड़ी लापरवाही ने किसान को भारी नुकसान पहुंचा दिया। गांव के कुछ बच्चों द्वारा पड़ोस के खेत में गेहूं के दाने भूनने के दौरान आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार, रमुवापुर निवासी जगदीश के खेत के पास पड़ी गेहूं की नरई (पराली) में बच्चों ने गेहूं बीनकर भूनना शुरू कर दिया। इसी दौरान तेज हवा चलने लगी, जिससे आग फैलकर पास के खेत तक पहुंच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पड़ोसी किसान की करीब ४ बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं



पाया जाता, तो आसपास के अन्य खेत भी इसकी चपेट में आ सकते थे। घटना के बाद पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। अपील: ग्रामीणों से अपील की गई है कि खेतों के आसपास इस तरह की लापरवाही न बरतें, खासकर फसल के समय, ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# बन रहे सेल्फी पॉइंट में मानकों की उड़ी धज्जियां

धौरहरा–खीरी। नगर को सुंदर बनाने की कवायद में भ्रष्टाचार का 'पीला' रंग चढ़ने लगा है। कोतवाली धौरहरा की भूमि (मंडी समिति के पास) पर नगर पंचायत द्वारा बनवाए जा रहे बहुप्रतीक्षित सेल्फी पॉइंट के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का गंभीर मामला सामने आया है। मंगलवार से शुरू हुए इस निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा खुलेआम मानक विहीन सामग्री और दोयम दर्जे की 'पीली ईंटों' का प्रयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, जिस स्थान को नगर के सौंदर्यीकरण और पहचान के लिए चुना गया था, वहां नींव में ही भ्रष्टाचार की ईंटें बिछाई जा रही हैं। हैरानी की बात यह है कि नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता जांचने के लिए प्रशासन के पास कोई ठोस तंत्र नहीं दिख रहा। स्थलीय निरीक्षण के अभाव में ठेकेदार अपनी मनमानी पर उतारू हैं। नगर को सुंदर बनाने का उद्देश्य अब ठेकेदारों की जेब भरने का जरिया बनता दिख रहा है। सफेदपोशों और जिम्मेदारों की चुप्पी पर अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या कोतवाली जैसी संवेदनशील जगह पर हो रहे इस घटिया निर्माण पर नगर प्रशासन संज्ञान लेगा या फिर मानक विहीन सामग्री से बना यह सेल्फी पॉइंट अपनी बदहाली पर खुद 'सेल्फी' लेगा?

# ऐतिहासिक चौती मेले के मंच पर स्कूली बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

गोला गोकर्णनाथ खीरी। मेला चौती के सांसेंतिक मंच पर गत दिवस स्कूली बच्चों का सांसेंतिक कार्यक्रम हुआ जिसमें २४ विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। छोटी काशी में




ऐतिहासिक मेला चौती २०२६ के आठवें दिन सांस्कृतिक मंच पर स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सभापति पंचायतीराज समिति विधानसभा उत्तर प्रदेश विधायक मोहमदी लोकेन्द्र प्रताप सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला महामंत्री भाजपा कुलभूषण सिंह, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष भाजपा सुशील त्रिवेदी, जिला मंत्री रश्मी गुप्ता, जिला मंत्री राम भरोसे वर्मा, जिला आईटी संयोजक शौर्य सक्सेना, पूर्व सभासद राममूर्ति शुक्ला, हरिओम मिश्रा, सुनील करण गिरि, संगम दीक्षित, रिटायर मे० सुबेदार राजेश्वर सिंह, संस्कार फाउंडेशन अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, सह संयोजक खेल महोत्सव गोपाल सक्सेना, भाजपा कार्यकर्ता अजय अवस्थी, बृजेश गुप्ता मोहमदी एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने द्वीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यअतिथि सभापति पंचायतीराज समिति विधानसभा उत्तर प्रदेश विधायक मोहमदी लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने आशीर्वचन देते हुए कहा, मा० योगी जी की सरकार भारतीय संस्कृति के लिए काम कर रही है। ऐतिहासिक मेला चौती के लिए भी धनराशि आवंटित की है। मुख्यमंत्री जी भव्य काशी कारीडोर, अयोध्या में दीपोत्सव ,स्वच्छ गंगा के साथ गोला में भी शिव मंदिर कारीडोर बन रहा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला महामंत्री कुलभूषण सिंह ने कहा, 'पालिका' यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने मेले को बहुत ही परिश्रम से सजाया है। सरस्वती शिशु मंदिर कोठी भट्ठा मुन्नूगंज की काव्या श्रीवास्तव, हृदयांशी शर्मा, किंजल पटेल, प्रिया देवी प्रजापति, लक्ष्मी जोशी, श्रेयांशी वर्मा, नंदिनी देवी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, केपीएसडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की पल्लवी गुप्ता, रिमझिम, अर्पिता कंचन, प्राशी धुरिया, अर्पिता चौधरी, आरोही चौधरी, जानवी, प्रिया, राधिका ने गीत– ,होली खेल रहे बांके बिहारी ......आज रंग बरस रहो, इंडियन हेरिटेज एकेडमी की सायफा, रितिका, निधि, तेजस्वी, दर्शिका, तनवी, सृष्टि, ईशवी, श्रेया, परी, लुबना, लाइबा, मन्नत ने, दिल है छोटा सा छोटी सी आशा, सांस्कृतिक कार्यक्रम के मध्य तेज हवा के साथ बरसात होने पर नगर पालिका परिषद विजय शुक्ला रिंकू ने खेद प्रगट करते हुए बंद करवा दिया और शेष विद्यालयों के बच्चों का कार्यक्रम १० अप्रैल सायं ६:०० बजे करवाने की सूचना दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति के प्रांतीय महामंत्री शैलेन्द्र सक्सेना, कोषाध्यक्ष अनुज खरे, मीडिया प्रभारी श्याम किशोर अवस्थी, कार्यकारी अध्यक्ष डीपी श्रीवास्तव ,नगर अध्यक्ष संजय तिवारी, नीरज दीक्षित, आलोक तिवारी, सभासद नानक चन्द्र वर्मा, इजरान अहमद, धर्मेन्द्र बाल्मीकि, रियासुद्दीन, दानिश राइन, अनिल गुप्ता, मोहित कनौजिया, सुरेश जायसवाल, साहिद अंसारी, सुफियान खान, हर्ष अवस्थी, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकली 'स्कूल चलो अभियान' रैली बच्चों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

गोला गोकर्णनाथ खीरी। उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप और बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार ब्लॉक बाँकेगंज के



उच्च प्राथमिक संविलियन विद्यालय रोशननगर में 'सर्व शिक्षा अभियान' के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान रैली धूमधाम से निकाली गई। रैली का नेतृत्व प्रधानाचार्या रचना पाण्डेय ने किया, जिसमें संकुल एआरपी, अध्यापकों एवं स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया और अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल भेजने का संदेश दिया। इस अवसर पर एआरपी नीलकमल, राहुल कुमार मौर्य, हेमंत कुमार यादव सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में शिक्षक योगेन्द्र नाथ शर्मा, प्रेमचंद, प्रीति, रोली, कुसुम, रुचि, कंचन, अमित और नीरज समेत अन्य शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। रैली के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के महत्व को समझाते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने की अपील की।

# उचौलिया थाने में आगामी त्यौहारों को लेकर थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक सीओ मोहम्मदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक

उचौलिया खीरी। आगामी त्यौहारो में वैशाखी, अम्बेडर जयंती व परशुराम जयंती को लेरक उचौलिया थाने में बीते शाम करीब ०४रू३० बजे पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। मिली विधिवत जानकारी के अनुसार बीते दिन देर शाम को उचौलिया थाने में आगामी त्यौहारो को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिन गांव में बाबा अम्बेडर साहब की लगी मूर्ति लगी है उन पर मालार्पण, गांव में शोभायात्रा व क्षेत्र में निकलने वाली रैली व जुलूस को लेकर अति आवश्यक बातें व दिशा निर्देश दिए गए। बैठक मोहम्मदी क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमे सीओ मोहम्मदी व उचौलिया इंस्पेक्टर ने सभी को इन त्यौहारो को शांतिपूर्ण तरीके मनाए जाने की अपील की। १४ अप्रैल को अंबेडकर जयंती, बैसाखी और आगामी परशुराम जयंती को लेकर प्रशासन द्वारा पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें शांति, सौहार्द और पारंपरिक तरीके से त्योहार मनाने पर जोर दिया गया है। थाना परिसरों में पुलिस और गणमान्य नागरिकों के बीच हुई इन बैठकों में सोशल मीडिया पर निगरानी, जुलूस के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था और लाउडस्पीकर के नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। शांति और सुरक्षारू सभी त्योहारों को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई है। प्रशासनिक सतर्कताः पुलिस प्रशासन ने कहा



कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या सामाजिक तनाव फैलाने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोशल मीडिया पर निगरानीरू अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। आयोजन की अनुमतिरू रैलियों और जुलूसों के लिए पहले से अनुमति लेने और निर्धारित मार्गों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोजन समितिरू अंबेडकर जयंती के लिए विशेष समितियां बनाई जा रही हैं। विशाल आयोजनरू १४ अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें बाइक और ट्रैक्टर के साथ जुलूस निकाले जाएंगे।

# पलिया बार एसोसिएशन के चुनाव में अफसर अली ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जीवन प्रकाश मेनरो को दो वोट से हराया अफसर अली बने अध्यक्ष

(विश्वकांत त्रिपाठी)

पलिया कलां लखीमपुर खीरी। पलिया बार एसोसिएशन २०२६ का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ जिसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अफसर अली को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष



पद हेतु कमलेश कुमार, महामंत्री सतीश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष बने हेमंत मानक, पुस्तकालय अध्यक्ष बसंत कुमार प्रजापति तथा कोषाधयक्ष पद पर हेमन्त मानक निर्वाचित किये गये। प्रत्याशियों की सूची जारीकरदी गयी, पांच पदों गवर्निंग काउंसिल वरिष्ठ एहसान हुसैन, कमल इदरीसी, मिफ्उताउद्दीन, ६र्मराज शाक्य तथा अंकेक्षक पद पर उमेश कुमार निर्विरोध निर्वाचित किये जा चुके हैं। जबकि ६ पदों पर चुनाव कराया जा रहा है तथा कुल १३२ मतदाता हैं १२: ३० बजे तक मात्र १८ वोट पढ़ पाए थेघ्उसके बाद चुनाव की गति बहुत तेज हुई। उपाधयक्ष कमलेश कुमार,महामंत्री सतीश कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष बने मनोज राठौर ,पुस्तकालय अध्यक्ष बसंत कुमार प्रजापति संयुक्त मंत्री परविन्दर भार्गव, गवर्निंग काउंसिल के लिए अमीर हुसेन,निर्वाचित किये गये। १३३ वकीलों में से १२६ ने अपने मताधिाकार का प्रयोग करते हुए अफसर अली को एक बार फिर बनाया पलिया वार एसोसिएशन का अधयक्ष। अध्यक्ष पद के लिए अफसर अली, श्रीश चंद्र द्विवेदी और जीवन प्रकाश मनरो के बीच त्रिकोणीय मुकाबला था।वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर धर्मराज शाक्य को एकमात्र नामांकन होने के कारण निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बच्चों के बीच बोने शिक्षा ही भविष्य की असली ताकत

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को काशी से प्रदेशव्यापी 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ किया और बुनियादी शिक्षा को लेकर सरकार की प्राथमिकता को स्पष्ट किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा ही भविष्य की असली ताकत होती



है। वाराणसी के शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बच्चों के बीच पहुंचे तो माहौल उत्साह से भर उठा। उन्होंने बच्चों को अपने हाथों से स्कूल बैग पहनाया, किताबें वितरित कीं और उनसे आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने पांच 'निपुण विद्यार्थियों' को सम्मानित किया और कई कक्षाओं के छात्रों को पाठ्य सामग्री प्रदान की। मुख्यमंत्री ने नए शैक्षिक सत्र २०२६–२७ के लिए 'स्कूल चलो अभियान' की शुरुआत करते हुए शैक्षिक नवाचार और उपलब्धियों की पुस्तिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि इंसान को बेहतर मनुष्य बनाने का माध्यम है। उन्होंने जनपद के पांच 'निपुण विद्यालयों' के प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि २०१७ से पहले शिक्षा व्यवस्था उपेक्षित थी और नकल की प्रवृत्ति हावी थी, लेकिन अब प्रदेश में पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल बना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्कूली शिक्षा पर ८० हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है और इसका उद्देश्य हर बच्चे को बेहतर अवसर देना है। उन्होंने शिक्षकों को शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि उनके समर्पण से ही 'अ परेशन कायाकल्प' जैसे अभियान सफल हुए हैं और स्कूलों की तस्वीर बदली है। मुख्यमंत्री ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे 'स्कूल चलो अभियान' से जुड़कर हर बच्चे को स्कूल तक पहुंचाने में सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनके प्रोजेक्ट्स की सराहना की, जिससे बच्चों का उत्साह और बढ़ाया। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने "स्कूल चलो अभियान" के महत्व को समझाया। कहा कि यह अभियान ६ से १४ वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए है। मंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पिछले नौ वर्षों में परिषदीय बेसिक शिक्षा विद्यालयों में किए गए सुधारों पर प्रकाश डाला।

# सीएम योगी का जनता दर्शनः २०० लोगों की समस्याओं का किया समाधान

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम



में करीब २०० लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री से मिलने पहुंची एक छात्रा ने आर्थिक तंगी के कारण अपनी फीस जमा न कर पाने की बात कही। इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल अधिकारियों को उसकी फीस जमा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आर्थिक दिक्कत के कारण किसी भी बेटी की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान गंभीर बीमारियों से पीड़ित परिजन के इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने वाले लोगों को भी मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया और कहा कि सरकारी अस्पताल से इलाज के खर्च का ब्यौरा मंगवाकर प्रस्तुत करें, सरकार उपचार में पूरी मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने सभी फरियादियों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का उचित, विधिसम्मत, समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित है, तो उसे तत्काल इन योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए।

# मंत्री एके शर्मा बोले– यूपी में बायोगैस प्लांट्स का हो रहा विस्तार, जल्द दिखेगा असर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कंप्रेस्ड बायो–गैस (सीबीजी) संयंत्रों की स्थापना की दिशा में कारगर कदम उठा रही है और आने वाले समय में इसका व्यापक असर दिखाई देगा। मंत्री एके शर्मा ने कहा कि लखनऊ के अलावा कानपुर, गोरखपुर, सहारनपुर, गाजियाबाद और अलीगढ़ नगर निगम सीबीजी की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। वाराणसी और प्रयागराज नगर निगमों में सीबीजी प्लांट स्थापित होकर संचालित भी हो रहे हैं। इन प्लांट्स से प्रतिदिन लगभग पांच से १० टन सीबीजी गैस का उत्पादन हो रहा है। इसके लिए जैविक कचरा, नगर ठोस अपशिष्ट और गोबर जैसे फीडस्ट क का उपयोग किया जा रहा है। वाराणसी प्लांट की क्षमता ६० टन प्रतिदिन है, जिसमें ठोस कचरे के साथ षि अपशिष्ट, प्रेसमड और गोबर का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं प्रयागराज प्लांट की क्षमता २०० टीपीडी है, जो पीपीपी म डल के तहत संचालित हो रहा है और नगर क्षेत्र से निकलने वाले कचरे का उपयोग कर रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में सीबीजी प्लांट्स की स्थापना मुख्य रूप से पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल या सार्वजनिक उपक्रमों के सहयोग से की जा रही है। नगर निगम परियोजना स्थल पर भूमि और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं, जबकि निजी डेवलपर २५ से ३० वर्षों तक निर्माण, संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी निभाते हैं। मंत्री शर्मा ने बताया कि अलीगढ़ नगर निगम में भी स्वच्छ भारत मिशन के तहत मार्च २०२६ में सीबीजी प्लांट को मंजूरी दी गई है। इस प्लांट की संभावित उत्पादन क्षमता ६० से ८७ टीपीडी निर्धारित की गई है। उत्तर प्रदेश में सीबीजी प्लांट्स को लेकर नगर निगम स्तर पर तेजी से काम चल रहा है। लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, गोरखपुर, गाजियाबाद और अलीगढ़ में प्रस्तावित परियोजनाएं अलग–अलग चरणों में हैं। परियोजनाओं की स्थिति और क्षमता को लेकर शर्मा ने बताया कि लखनऊ में एवर–एनवायरो रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ३०० टीपीडी इनपुट क्षमता का प्लांट स्थापित किया जा रहा है। अनुमानित गैस उत्पादन १०–१५ टीपीडी है। परियोजना निर्माणाधीन है। इसी तरह कानपुर में सी यूजीएल के माध्यम से ५५० टीपीडी क्षमता वाला प्लांट विकसित हो रहा है, जिससे १५–२० टीपीडी सीबीजी उत्पादन का लक्ष्य है। यह भी निर्माणाधीन है। उन्होंने बताया कि सहारनपुर में बीपीसीएल के साथ कंसेशन एग्रीमेंट साइन हो चुका है। १५० टीपीडी इनपुट क्षमता से ८–१० टीडीपी गैस उत्पादन प्रस्तावित है।गोरखपुर में आईओसीएल के साथ एमओयू साइन किया गया है। २०० टीपीडी क्षमता वाला प्लांट विकास चरण में है और १०–१२ टीपीडी उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। गाजियाबाद में ३०० टीपीडी क्षमता वाले प्लांट के लिए आईजीएल के साथ पायलट प्रोजेक्ट पर चर्चा पूरी हो चुकी है। सफल संचालन के बाद क्षमता बढ़ाने की योजना है। अलीगढ़ में २५६ टीपीडी क्षमता वाला प्लांट एसबीएम २.० के तहत स्वीकृत हुआ है। फिलहाल रेप तैयार किया जा रहा है और १०–१५ टीडीपी उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित है। इन सभी परियोजनाओं की कुल इनपुट क्षमता १७५६ टीपीडी है, जबकि कुल संभावित सीबीजी उत्पादन ६०–८७ टीडीपी के बीच आंका गया है। शहरी विकास विभाग इन परियोजनाओं में निजी निवेशकों के साथ समन्वय स्थापित कर रहा है। साथ ही बीपीसीएल, आईओसीएल, आईजीएल और सीयूजीएल जैसी गैस कंपनियों को भी अपने खर्च पर सीबीजी प्लांट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। नगर निगम परियोजनाओं के लिए भूमि और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं, जबकि संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी निजी या पीपीपी मॉडल के तहत तय की जा रही है।

# सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा ने दिया लखनऊ नगर निगम पर धरना

लखनऊ। लखनऊ मध्य विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा सोमवार को अपने पार्षदों और पार्टी नेताओं के साथ नगर निगम मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने घेराव कर धरना–प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा नेताओं ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर नाराजगी जताई। विधायक रविदास मेहरोत्रा ने आरोप लगाया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से पानी, सड़क और साफ–सफाई की गंभीर समस्याएं बनी हुई हैं, लेकिन नगर निगम इन पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि कई इलाकों में लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा, जबकि जल कर में बढ़ोतरी कर दी गई है। जगह–जगह कूड़े के ढेर लगे हैं, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ष्लखनऊ को स्मार्ट सिटी बनाने की बात की गई थी, लेकिन यहां स्मार्ट टैक्स लगाए जा रहे हैं।ष् प्रदर्शन में शामिल सपा पार्षद लता जायसवाल ने आरोप लगाया कि सरकार भेदभावपूर्ण रवैया अपना रही है और सपा पार्षदों को पर्याप्त बजट नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्रों में पानी की भारी समस्या है, नालियां जाम हैं और सबमर्सिबल खराब पड़े हैं। वहीं पार्षद शबनम खान ने कहा कि सपा पार्षदों के वार्डों में विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं। उन्होंने दावा किया कि पार्षद निधि मिलने की बात केवल कागजों तक सीमित है और वास्तविकता में निधि उपलब्ध नहीं कराई जाती। इस दौरान विधायक और पार्षदों ने नगर निगम के सामने ११ सूत्रीय मांगें रखीं। इनमें खुले नालों को ढकने, जर्जर सड़कों की मरम्मत, खराब



पानी टंकियों और ट्यूबवेल को ठीक कराने, स्ट्रीट लाइट लगाने, सीवर समस्या दूर करने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने जैसी मांगें शामिल हैं। साथ ही श्मशान घाट और कब्रिस्तान के विकास तथा ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान की भी मांग की गई। सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि २०२७ में उनकी सरकार बनने पर जनता को बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी।

# अखिलेश यादव का आरोप– भाजपा सरकार की प्राथमिकता में शिक्षा नहीं

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर भाजपा सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में शिक्षा कभी प्राथमिकता में नहीं रही और प्राइमरी से इंटरमीडिएट तक पूरी व्यवस्था को चौपट कर दिया गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा को बढ़ावा नहीं देना चाहती, बल्कि युवाओं को वैज्ञानिक सोच, शोध और नवाचार से दूर कर उन्हें रूढ़िवादी बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हजारों प्राइमरी स्कूल बंद कर दिए गए हैं, जिससे गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई है और सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या लगातार घट रही है। उन्होंने कहा कि 'भाजपा चाहती है कि लोग अशिक्षित रहें, क्योंकि पढ़े–लिखे लोग सवाल करते हैं और यह सरकार सवालों से बचना चाहती है।' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। सपा



प्रमुख ने अपनी सरकार के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि समाजवादी सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए कई कदम उठाए थे। प्राइमरी स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाया गया, मिड–डे मील में विविध मेन्यू, फल और दूध की व्यवस्था की गई, जिससे बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई। उन्होंने लखनऊ के चकगंजरिया में संस्कृति स्कूल की स्थापना का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने उसे भी ठीक से संचालित नहीं किया। अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी सरकार ने १८ लाख छात्र–छात्राओं को लैपट प वितरित कर डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दिया, जिसका लाभ कोविड काल में भी मिला। वहीं उन्होंने शिक्षामित्रों के मुद्दे पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने उनके साथ अन्याय किया और वर्षों तक उन्हें कम मानदेय पर रखा। उन्होंने कहा कि शिक्षा लगातार महंगी होती जा रही है, जिससे गरीब परिवारों के लिए बच्चों को पढ़ाना मुश्किल हो गया है। अंत में उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की दुर्दशा के लिए भाजपा सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है और प्रदेश की जनता व शिक्षक इसे कभी माफ नहीं करेंगे।

# यूपी में बारिश के आसार, IMD ने जारी किया आंधी-ओलावृष्टि का अलर्ट

लखनऊ। यूपी में पिछले दो दिन आंधी बारिश की मार झेलने के बाद सोमवार को फौरी राहत महसूस कर रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को एक बार फिर मौसम की बेरुखी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने प्रदेश में सात से नौ अप्रैल के बीच तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना को लेकर अ रेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। ७ अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बारिश का दौर शुरू होकर ६ अप्रैल तक पूर्वी हिस्सों में भी असर दिखेगा। इस दौरान कई जिलों में ४० से ६० किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, गरज–चमक और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि आठ अप्रैल को तापमान में ६ से ८ डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है, जबकि इसके बाद फिर बढ़ोतरी होने की संभावना है। विशेष रूप से पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश के कई जिलों में ओलावृष्टि और तेज हवाओं का ज्यादा प्रभाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और किसानों को फसलों की सुरक्षा के लिए जरूरी उपाय करने की सलाह दी है।



हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

# ‘चांद मेरा दिल’ में दिखेगी अनन्या पांडे और लक्ष्य ललवानी की केमिस्ट्री

मुम्बई। निर्देशक करण अभिनेत्री अनन्या पांडे और अभिनेता लक्ष्य ललवानी के साथ मिलकर रोमांटिक–ड्रामा फिल्म ‘चांद मेरा दिल’ जल्द ही लेकर आने वाले हैं। यह फिल्म एक गहरी और इंटेंस लव स्टोरी है, जिसमें प्यार की जटिलताओं को खूबसूरती से पेश किया जाएगा। सोमवार को फिल्म के मेकर्स ने पहली झलक शेयर की। धर्मा प्रोडक्शन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। इसमें अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। हर पोस्टर पर फिल्म का मुख्य मैसेज लिखा हुआ है। तस्वीरें पोस्ट कर लिखा पेश है एक प्रेम कहानी, जहां जिंदगी प्यार से भी तेज चलती है। इन पोस्टर्स को देखकर फैंस काफी उत्साहित हैं। फिल्म में अनन्या और लक्ष्य की जोड़ी पहली बार स्क्रीन पर साथ नजर आएगी, जो दर्शकों के लिए नई और ताजा है। पोस्ट शेयर करने के बाद अनन्या और लक्ष्य के इंडस्ट्री के दोस्तों और साथी कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए। शनाया कपूर और महीप कपूर ने हार्ट इमोजी के साथ कमेंट सेक्शन पर प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री रिया दिप्सी ने कमेंट सेक्शन पर लिखा बधाई हो। चांद मेरा दिल का निर्देशन विवेक सोनी ने किया है और इसकी कहानी राहुल नंदा




ने लिखी है। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म का सह–निर्माण करण जौहर, आदर पूनावाला और अपूर्वा मेहता ने धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है। फिल्म २२ मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अनन्या पांडे को आखिरी बार रोमांटिक क मेडी फिल्म ‘तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी’ में देखा गया था। फिल्म १३ फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन थे। हालांकि, फिल्म ने ब क्स अ फिस में ज्यादा कमाल नहीं किया था लेकिन कार्तिक अनन्या की अ न–स्क्रीन जोड़ी ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया था। यह फिल्म आधुनिक दौर के रिश्तों, प्यार और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच की दुविधा पर आधारित थी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

# आदित्य धर ने ‘धुरंधर’ को एडिट करने वाले शिवकुमार को सराहा

मुम्बई। फिल्म डायरेक्टर आदित्य धर अपनी स्पाई थ्रिलर फिल्म ‘धुरंधरः द रिवेंज की बॉक्स अ फिस पर हो रही ताबड़तोड़ कमाई के बीच फिल्म के निर्माण में योगदान देने वाले लोगों को इसका श्रेय देना नहीं भूल रहे है। आदित्य धर ने सिनेमेटोग्राफर विकास नौलखा की तारीफ करने के बाद अब फिल्म के एक–एक सीन को बखूबी से दिखाने का श्रेय एडिटर शिवकुमार वी. पणिक्कर को दिया है, जिनकी एडिटिंग ने फिल्म के हाई–वोल्टेज एक्शन और श्यों को भावनात्मक रूप से जीवंत बनाया। सोमवार को निर्देशक आदित्य धर ने शिवकुमार वी. पणिक्कर के लिए एक खास पोस्ट किया। इसमें उन्होंने शिव को अपना सबसे करीबी दोस्त और भाई बताया। आदित्य लिखते हैं कुछ रिश्ते सिर्फ एक फिल्म से नहीं बनते, बल्कि ये सालों के भरोसे, समझदारी और एक–दूसरे का साथ देने से बनते हैं। निर्देशक ने कहा वे सिर्फ एडिटर नहीं,



बल्कि सबसे करीबी दोस्त, भाई और भरोसेमंद साथी हैं। उनकी निष्ठा इतनी गहरी है कि कोई भी इंसान भावुक हो जाए। मेरी जरूरत के समय वे हमेशा खड़े रहते हैं और सब कुछ दांव पर लगाने के लिए तैयार भी रहते हैं। आदित्य धर ने शिव की प्रतिभा की भी जमकर सराहना की। उन्होंने लिखा, "शिव निस्संदेह सबसे तेज और होशियार फिल्म एडिटर में से एक हैं, लेकिन उन्हें खास बनाने वाली बात सिर्फ उनका हुनर नहीं बल्कि फिल्म की कहानी, ताल और भावनाओं को समझने की उनकी गहरी समझ है। वे फिल्म को सिर्फ एडिट नहीं करते, बल्कि उसमें जान डालते हैं। आदित्य धर ने बताया कि धुरंधर को दो भागों में बांटने का फैसला भले ही उनका था, लेकिन इसे सफल बनाने का पूरा श्रेय शिव कुमार का है। आदित्य ने लिखा शिव ने इस जिम्मेदारी को अपने कंधों पर बहुत खूबसूरती से उठाया और शानदार तरीके से पेश किया। यह उनके लिए असली चमत्कार जैसा था। आदित्य ने लिखा कि आमतौर पर इतनी बड़ी फिल्म की एडिटिंग करने में अक्सर महीने या साल लग जाते हैं, लेकिन शिव ने इसे सिर्फ कुछ ही दिनों में पूरा कर दिया था। निर्देशक ने लिखा धुरंधर में हमने जो स्केल, गुणवत्ता और समयसीमा हासिल की, वह पहले कभी नहीं हुआ। इसका बड़ा श्रेय शिव को जाता है। आदित्य ने लिखा शिव कुमार की भूमिका सिर्फ एडिटिंग तक सीमित नहीं थी। लेखन, तैयारी, शूटिंग की मुश्किलों और पोस्ट–प्रोडक्शन, हर जगह वे फिल्म को बेहतर बनाने के लिए सोचते और मेहनत करते रहे। उन्होंने कभी दबाव में काम की गुणवत्ता को कम नहीं होने दिया और कभी सच्चाई से समझौता नहीं किया। शिव कुमार पणिक्कर का यह समर्पण और प्रतिभा वाकई अनमोल है।

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक